दुर्ग जिला खेत मजदूर यूनियन

पंजीयन क्रमांक ३०२०

(संबद्ध : भारतीय खेत मजदूर यूनियन तथा एटक)

मुख्य कार्यालय : ४ए/२८, सेक्टर-१, भिलाईनगर-४९०००१

क्रमांक.................. दिनांक..................

दुर्ग जिला में भूमि कब्जा आन्दोलन

विगत कई वर्षों से पार्टी और भारतीय खेत मजदूर यूनियन व्दारा भूमिहीनों को भूमि दिलाने हेतु जुझारू संघर्ष चलाये जाने के आव्हान पर दुर्ग जिले के निम्न केन्द्रो में संघर्ष चलाये गये । संघर्ष 3 प्रकार के थे ।

पहला - उन भूमिहीनों को जिन्हें प्रशासन ने पट्टा तो दिया है किन्तु कब्जा अभी तक नहीं मिल पाया -ऐसे आन्दोलन -पांहदा॥बेरला तहसील॥ में चलाये गये ।

दूसरा - शासकीय घास जमीन पर भूमिहीनों को बेजा कब्जा कराकर उन्हें पट्टा दिलाने की कार्यवाही- ऐसे आन्दोलन -गाड़ाघाट ॥ धमधा विकास खंड॥ कंवर ॥ गुरूर विकास खंड॥ में चलाये गये ।

तीसरा - पूर्व माल गुजारों से सीलिंग से निकली जमीन या ट्रस्ट की जमीन या पूर्व माल गुजारों व्दारा शासकीय जमीन जिन पर उनका अभी भी कब्जा है से उन्हे बेदखल कर भूमिहीनों को बांटने का आन्दोलन यह खपरी ॥धमधा विकास खण्ड ॥ डुमरडीह ॥ दुर्ग विकास खण्ड ॥ में किया गया ।

इस वर्ष भी उपरोक्त तीनों प्रकार की भूमि को कब्जा दिलाने के लिए संघर्ष चलाया जावेगा । इस हेतु दुर्ग जिले के निम्न गांवों का चुनाव किया गया है और आन्दोलन की योजना बनाई गई है ।

पांहदा ॥ बेरला विकास खण्ड ॥ :- यहां पर हमारे व्दारा चलाये गये आन्दोलन के फल स्वरूप गांव के 17 भूमिहीनों को पट्टा तो दिया गया है किन्तु अभी तक कब्जा नहीं मिल सका है । कब्जा दिलाने हेतु संघष चलाया जावेगा ।

गाड़ाघाट॥धमधा विकास खण्ड ॥ :- यहां पर भूमिहीन आदिवासियों को पार्टी व्दारा शासकीय घास जमीन पर कब्जा कराया गया । वे पिछले -2 वर्षो से लगातार फसल काट रहे है किन्तु पट्टा नहीं मिला है । पट्टा दिलाने हेतु संघर्ष चलाया जावेगा ।

नरालगुडा॥डौंडी विकास खण्ड ॥ :- यहां के 12 आदिवासी भूमिहीनों को राजस्व विभाग व्दारा पट्टा दिया गया था किन्तु उन्हें वन विभाग व्दारा बेदखल कर दिया गया है । उन्हें पुन कब्जा दिलाने हेतु संघर्ष चलाया जावेगा ।

क्रमशः 2

कंवर । गुरूर विकास खण्ड । :- यहां पर भूमिहीनों को शासकीय घास जमीन पर कब्जा कराया गया था । अभी भी खेती कर रहें है । पट्टा नहीं मिला है पट्टे की लड़ाई लड़ी जावेगी ।

मोंहरेंगा । धमधा विकास खण्ड। :- यहां के पूर्व माल गुजार श्री शोभाराम परगनिहा ने सीलिंग से निकली 126.862 एकड़ जमीन विभिन्न 13 लोगों के नाम से बेनामी हस्तांतरण की है । उस जमीन पर उन्हें वास्तविक कब्ज ा दिलाने के बारे में आन्दोलन किया जावेगा । अभी जमीन पर पूर्व माल गुजार का कब्जा है । फसल बोता और काटता है और ऋण पुस्तिका x भी उसी के पास में है ।

डुमरडीह । दुर्ग विकास खण्ड । :- दुर्ग के राममंदिर के मंहत ने एक ट्रस्ट बनाकर यहां के 164 एकड़ जमीन पर कब्जा बनाये रखा है । पिछले तीन xxx सालों से लगातार हमारे नेतृत्व में भूमिहीनों व्दारा कब्जा करने के प्रयास हुए किन्तु शासकीय हस्ताक्षेप से असफल रहे । हर बार शासन ने मध्यस्थता कर भूमिहीनों को पट्टा दिलाने का आश्वासन दिया किन्तु पट्टा अभी तक नहीं मिला । न मंहत खेती कर पा रहा है न हम । इस बार फसल बोकर कब्जा करने की अंतिम लड़ाई लड़ी जावेगी ।

खपरी ।धमधा विकास खण्ड । :- यहां पर शांतिलाल परगनिहा पूर्व मालगुजार खपरी पिछले कई वर्षों से शासकीय जमीन पर कब्जा कर खेती कर रहा था । पिछले वर्ष 120 ग्रामिण भूमिहीनों को 115 एकड़ जमीन हमारे व्दारा कब्जा कराकर वितरित की गई, फसल बोई गई किन्तु फसल चरी का शिकार हो गई । इस वर्ष पुन: फसल बोआई के लिए आन्दोलन होगा व पट्टे के -- लिए लड़ाई लड़ी जावेगी ।

बिरोदा । धमधा विकास खण्ड । :- यहां पर पूर्व मालगुजार रामप्रताप अग्रवाल शासकीय जमीन व ग्राम समाज की जमीन पर वर्षों से कब्जा किये बैठा है । इस वर्ष यहां के भूमिहीनों को आन्दोलन चलाकर कब्जा दिलाने का प्रयास किया जावेगा ।

इसी प्रकार ग्राम गिरहोला । धमधा विकास खण्ड । एवं कुसमी । बिरला विकास खण्ड । में भूमिहीनों को संगठित कर शासकीय घास जमीन पर कब्जा दिलाने, फसल बोने के लिए, भूमि आन्दोलन चलाया जावेगा ।

उपरोक्त सभी स्थानों में आन्दोलन कई चरणों में कई रूपों मई माह से शुरू किया जावेगा ताकि जून माह में बारिश आने के बाद भूमि आन्दोलन । फसल बोने का। कारगर ढंग से सफलता पूर्वक संपन्न किया जा सके ।

। रविशंकर महिष ।
सचिव,
भारतीय खेत मजदूर यूनियन दुर्ग जिला
परिषद -

प्रतिलिपि :-

11। अध्यक्ष, भा. खे. म. यूनियन म. प्र. राज्य कमेटी
12। सचिव, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी दुर्ग जिला परिषद -